# बहुचर्चित कन्हैयालाल हत्याकांड : आरोपी रियाज की जेल में तबीयत बिगड़ी

## आरोपी रियाज को इलाज के लिये पुलिस जेएलएन अस्पताल लाई

**अजमेर,** (कासं)। उदयपुर के बहुचर्चित कन्हैयालाल हत्याकांड का आरोपी रियाज अजमेर की हाई सिक्योरिटी जेल में बंद है। शुक्रवार को आरोपी की जेल में तबीयत बिगड़ने पर कड़ी सुरक्षा के बीच पुलिस इलाज के लिए जेएलएन अस्पताल लेकर पहुंची। आरोपी ने आंखों व पेट में तकलीफ बताई थी। अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद पुलिस आरोपी को जेल ले गई।

■ **आंखों व पेट में तकलीफ बताई थी, उपचार के बाद पुलिस आरोपी को जेल ले गई**


कन्हैयालाल हत्याकांड के आरोपी ( गोले में ) को कड़ी सुरक्षा में पुलिस जेएलएन अस्पताल लेकर गई।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार अजमेर की हाई सिक्योरिटी जेल में बंद उदयपुर के बहुचर्चित कन्हैयालाल टेलर की हत्याकांड के आरोपी रियाज की शुक्रवार सुबह अचानक तबीयत खराब हो गई। रियाज ने जेल प्रशासन को आंखों और पेट की तकलीफ की बात कही।

जेल प्रशासन द्वारा आरोपी को भारी सुरक्षा बंदोबस्त के बीच हथियाबंद जवानों के साथ पुलिस जेएलएन अस्पताल की मुख्य ओपीडी लेकर आई, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक जांच के बाद चिकित्सकों द्वारा ली गई पेट की बीमारी को लेकर उसकी सोनोग्राफी कराई। नेत्र रोग विभाग में उसकी आंखों की जांच भी कराई। दोनों जांच के बाद चिकित्सकों ने आवश्यक उपचार व दवाइयों दी। इसके पश्चात सुरक्षाकर्मी पुन: हाई सिक्योरिटी जेल लेकर रवाना हो गए।

जानकारी के अनुसार कन्हैयालाल हत्याकांड के आरोपी रियाज और गौस मोहम्मद अजमेर की हाई सिक्योरिटी जेल में पिछले दो साल से बंद है। कोर्ट में प्रकरण लंबित है, 150 गवाहों में महज तीन ही गवाह पेश हुए हैं। शुक्रवार को आरोपी के अस्पताल पहुंचने से पहले जेएलएन अस्पताल के नेत्र रोग विभाग सहित सोनोग्राफी कक्ष में हथियारबंद जवानों के साथ अस्पताल परिसर में कोतवाली थाना व सिविल लाइन थाना पुलिस के जवानों को तैनात किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान पुलिस घेरे रहा, इसके पश्चात आरोपी को पुन: जेल ले जाने के बाद पुलिस जाप्ता हटा लिया गया।

# गंगापुर सिटी चेयरमैन की गोली मारकर हत्या के मुख्य आरोपी को पकड़ा

## वर्ष 2015 में गंगापुर सिटी नगर परिषद चेयरमैन डॉ. प्रकाशचंद अग्रवाल की घर के बाहर कनपटी पर गोली मारकर हत्या का मामला

**जयपुर।** एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की टीम ने शुक्रवार को एक और बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। साल 2015 में गंगापुर सिटी में नगर परिषद चेयरमैन की घर के बाहर कनपटी पर गोली मारकर हत्या के मामले में घटना के समय से फरार चल रहे मुख्य आरोपी गोविंद जाट पुत्र राधेलाल निवासी गांव रीठोती थाना कुम्हेर (जिला डीग) को थाना सेवर (जिला भरतपुर) इलाके से दस्तयाब किया है।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स एवं अपराध दिनेश एमएन ने बताया कि पकड़े गए गंगापुर सिटी जिले के टॉप 10 मोस्ट वांटेड की सूची में शामिल बदमाश के ऊपर आईजी रेंज भरतपुर द्वारा 35 हजार रुपये का इनाम घोषित किया हुआ है। यह नौ साल पहले गंगापुर सिटी नगर परिषद चेयरमैन डॉ. प्रकाशचंद अग्रवाल हत्याकांड का मुख्य आरोपी है। आरोपी घटना के बाद हरियाणा, दिल्ली, मथुरा क्षेत्र में फरारी काट रहा था। एडीजी एमएन ने बताया कि डीआईजी क्राइम योगेश यादव एवं एडिशनल एसपी एजीटीएफ विद्याप्रकाश के नेतृत्व में एएसआई शैलेंद्र कुमार, हैड कांस्टेबल मदनलाल एवं कांस्टेबल बृजेश कुमार की टीम आसूचना संकलन कर करीब चार महीनों से इस पर नजर रखे हुए थी।


गंगापुर सिटी नगर परिषद चेयरमैन की हत्या के आरोपी को दस्तयाब किया।

■ **बहुचर्चित हत्याकांड के आरोपी गोविंद रीठोती पर 35 हजार रुपए का इनाम घोषित था, घटना के बाद हरियाणा, दिल्ली, मथुरा क्षेत्र में फरारी काट रहा था**

शुक्रवार को एएसआई शैलेंद्र व कांस्टेबल बृजेश को सूचना मिली कि गोविंद सिंह बयाना से सेवर होते हुए मथुरा की तरफ जाएगा। इस सूचना पर एजीटीएफ ने गंगापुर सिटी एसपी सुजीत शंकर के समन्वय में सेवर थाना इलाके में सरसों अनुसंधान केंद्र के पास घेराबंदी कर गोविंद सिंह को डिटेन कर लिया, जिसे बाद में गंगापुर सिटी से आई टीम को सौंप दिया गया।

एमएन ने बताया कि ईदगाह मोड़ गंगापुर सिटी निवासी नगर परिषद चेयरमैन डॉ. प्रकाश अग्रवाल 9 जून 2015 की रात घर के बाहर खड़ी कार अंदर कर रहे थे। इतनी देर में बाइक पर दो युवक आए। पीछे बैठे युवक ने कट्टे से डॉ. अग्रवाल की कनपटी पर दो फायर कर दिए, जिससे उनकी मौत हो गई। फायर की आवाज सुनकर आस पड़ोसी आए तो दोनों बदमाश बाइक लेकर फरार हो गए। मामले में मुख्य आरोपी गोविंद सिंह रीठोती सहित पंजाब के मोगा शहर निवासी रणजीत पुत्र सुरजीत सिंह फरार चल रहे थे। इन दोनों पर आईजी रैंज द्वारा 35-35 हजार का इनाम रखा गया।

इस संपूर्ण कार्रवाई में एजीटीएफ के एएसआई शैलेंद्र कुमार व कांस्टेबल बृजेश कुमार की विशेष भूमिका एवं हैड कांस्टेबल मदनलाल का तकनीकी सहयोग रहा। इसमें गंगापुर सिटी अपराध शाखा के कांस्टेबल नरेंद्र सिंह व सुरजन सिंह भी शामिल थे।

# महिला का शव मिला

**कोटा,** (निसं)। शहर के कुन्हाड़ी थाना इलाके में महिला की हत्या का मामला सामने आया है। इसके बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। महिला की लाश खाली प्लॉट में लहूलुहान हालत में मिली है। शव को पुलिस हत्या ही मान रही है और हत्या के एंगल से ही पूरी जांच पड़ताल में जुट गई है। मृतक महिला के शरीर पर चोटों के निशान है।

मौके पर फॉरेंसिक साइंस लैबोरेट्री, एमओबी और डॉग स्क्वायड की टीम बुलाई गई हैं जहां पर साक्ष्य एकत्रित किए जा रहे हैं। इसके अलावा आलाधिकारी भी मौके पर पहुंचे। कुन्हाड़ी थाना अधिकारी अरविंद भारद्वाज ने बताया कि महाराणा प्रताप सर्कल के नजदीक रजत सिटी की बिल्डिंग के पीछे खाली पड़े हुए प्लॉट में एक महिला का शव पड़ा होने की सूचना थाने पर मिली। इसके बाद मौके पर पुलिस जाप्ता पहुंचा है। बाद में आला अधिकारियों को भी मौके पर पहुंचे। महिला की शिनाख्त चंबल की छोटी पुलिया के नजदीक रहने वाली 45 वर्षीय रानी के रूप में हुई है। महिला के शव पर चोटों के निशान हैं।

# दूसरे दिन भी इंटक का धरना-प्रदर्शन जारी रहा

**राजसमंद,** (निसं)। जिला मुख्यालय स्थित जेके टायर फैक्ट्री का मैन गेट बंद करने के विरोध में जेके टायर एम्पलाइज यूनियन इंटक का धरना रेलवे स्टेशन के बाहर इंटक कार्यालय पर शुक्रवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। इंटक की ओर से फैक्ट्री का मैन गेट बंद करने वालों के खिलाफ कार्रवाई एवं श्रमिकों की सुरक्षा की मांग फैक्ट्री प्रबंधन और प्रशासन से की जा रही है।

जेके टायर एम्पलाईज यूनियन के अध्यक्ष चुन्नीलाल पंचोली ने बताया कि गुरुवार को बिना किसी कारण के भामस की ओर से जेके टायर फैक्ट्री की ए शिफ्ट के दौरान सुबह 5:30 बजे मैन गेट बंद कर दिया गया था। इसके कारण ए शिफ्ट एवं बाद में दोपहर

■ **फैक्ट्री का गेट बंद करने वालों पर कार्रवाई व सुरक्षा की मांग**

2 बजे वाली बी शिफ्ट में भी फैक्ट्री में कामकाज बंद रहा। इसके बाद भामस के लोगों ने मनमर्जी करते हुए रात की शिफ्ट में गेट खोल दिया। लेकिन, इंटक के श्रमिक बिना किसी कारण के फैक्ट्री का गेट बंद करने वालों के खिलाफ तत्काल कार्यवाही, फैक्ट्री में काम करने वाले श्रमिकों की सुरक्षा एवं श्रमिकों के एरियर की राशि उनके खातों में तत्काल जमा करवाने और आगे से इस तरह बिना किसी कारण फैक्ट्री में कामकाज नहीं रोका जा सके। इसको लेकर पर्याप्त व्यवस्था तथा दो दिन फैक्ट्री के बंद रहने के दौरान का श्रमिकों का भुगतान करने की मांग करते हुए फैक्ट्री में काम करने के लिए प्रवेश नहीं किया। इसके बाद शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन भी इंटक कार्यालय पर श्रमिकों का धरना जारी रहा। उन्होंने बताया कि फैक्ट्री प्रबंधन और प्रशासन की ओर से उनकी मांगे पूरी नहीं किए जाने तक वें काम का बहिष्कार करते हुए धरना जारी रखेंगे। इस दौरान इंटक के जिलाध्यक्ष शंकरलाल चौधरी, महामंत्री दिनेशसिंह झाला, पूनाराम चौधरी, रतन गाडरी, कुलदीपसिंह, गोवर्धनलाल कुमावत, देवीसिंह राठौड, नाहरसिंह राव, लक्ष्मीलाल पालीवाल आदि ने संबोधित किया।

# प्रेमी ने अपनी प्रेमिका पर चाकू से हमला किया


एंबुलेंस से घायल पीड़िता को जेएलएन अस्पताल पहुंचाया गया।

**अजमेर,** (कासं)। क्रिश्चियनगंज थाना के ईदगाह क्षेत्र में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब शुक्रवार को एक प्रेमी ने अपनी प्रेमिका पर चाकू से हमला कर जख्मी कर दिया। हमले के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस की सहायता से घायल पीड़िता को जेएलएन अस्पताल पहुंचाया। सूचना मिलते ही क्रिश्चियन गंज थाना पुलिस पहुंच गई, पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुष्कर निवासी शबीना अपनी मां शहजादी के साथ शुक्रवार को अपने बच्चों को लेने के लिए अजमेर आई थी। इसी दौरान प्रेमी शकील को सूचना मिल गई। महिला के ससुराल पहुंचने से पहले ही वैशाली नगर ईदगाह के नजदीक आरोपी ने अपनी प्रेमिका पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। हमला करने के बाद आरोपी शकील मौके से फरार हो गया। अचानक हुए हमले से क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल हो गया। स्थानीय निवासियों ने इसकी सूचना क्रिश्चियनगंज थाना पुलिस को दी, मौके पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना कर घायल महिला को 108 की सहायता से जेएलएन अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद भर्ती कर लिया। पीड़िता की मां ने बताया कि उनकी बेटी बेवा है, आरोपी शकील शादीशुदा है।

क्रिश्चियन गंज थाने के हेड कांस्टेबल सुमेर सिंह ने बताया कि मामले की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। महिला पर आरोपी शकील ने चाकू से हमला किया है। उन्होंने बताया कि बच्चों को लेकर आपसी विवाद चल रहा है। महिला तलाकशुदा है, इसे लेकर ही यह हमला किया गया है। मामले में शिकायत मिलने पर नियमानुसार आगे कार्रवाई की जाएगी।

# ट्रेडमार्क को लेकर दो व्यापारी उलझे

**अजमेर,** (कासं)। सिलाई मशीन के ट्रेडमार्क को लेकर दो व्यापारी भाईयों का विवाद पुलिस थाने पहुंच गया। शुक्रवार को सीओ साउथ ने केसरगंज स्थित एक दुकान पर कार्रवाई करते हुए दो सिलाई मशीन जब्त की है।

असली ट्रेड मार्क का दावा कर रहे व्यापारी अभिषेक शुक्ला ने बताया कि सिलाई मशीन का असली ट्रेडमार्क उनके पिता जितेंद्र शुक्ला के नाम रजिस्टर्ड है। जितेंद्र की शिकायत पर उनके भाई बाल किशन के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की है। शुक्ला ने बताया कि 1964 से 2016 तक सिलाई मशीन ट्रेडमार्क उनके दादा के नाम रजिस्टर्ड है। वर्ष 2010 में उनके दादा के नाम ट्रेडमार्क बंद हो गया। वर्ष 2016 में उनके पिता जितेंद्र शुक्ला ने अलग से ट्रेडमार्क ले लिया था, लेकिन उनके ताऊजी बालकिशन उनके रजिस्टर्ड ट्रेडमार्क का इस्तेमाल करते हुए डुप्लीकेट सिलाई मशीन बनाने लगे और सस्ते दामों पर बेचने लगे। बार-बार बालकिशन को समझाने के बाद भी उसने डुप्लीकेट सिलाई मशीनें बेचना जारी रखा।

# लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ बने राजस्थान एसोसिएशन यूके के संरक्षक

**जयपुर।** इंग्लैंड के राजस्थान एसोसिएशन के वार्षिक कार्यक्रम लंदन ज़ीमन-2024 में विशिष्ठ अतिथि के रूप में कुमार लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही उन्हें ऑर्गेनाइज़ेशन के पैट्रन (संरक्षक) का प्रस्ताव रखा जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार किया। एसोसिएशन के आमंत्रण पर पधारे राजकुमार ने जब लंदन ज़ीमन में संस्कृति और परम्पर की अनूठी छवि देखी तो वो ख़ुशी से भाव विभोर हो गये। उन्होंने कहा कि वे बेहद अभिभूत हैं ये जान कर कि विदेश में रह कर भी ये साबित कर दिया कि आप सब को राजस्थानी होने पर कितना गर्व है। राजस्थान से बाहर तो आ गये हैं लेकिन राजस्थान आपसे बाहर नहीं निकला है। राजस्थान एसोसिएशन पिछले 8 साल से अपनी राजस्थानी संस्कृति को जीवंत बनाए रखने की कोशिश में सतत् कार्यशील है। वहीं गौ सेवा, युवाओं, महिलाओं और समाज के ज़रूरतमंद लोगों को


इंग्लैंड के राजस्थान एसोसिएशन के वार्षिक कार्यक्रम लंदन ज़ीमन-2024 में लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ को सम्मानित किया गया।

सहायता और उनके उत्थान में अग्रसर है। लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने कार्यक्रम में सभी को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि यदि आपको मेवाड़ की कभी ज़रूरत पड़े तो मेवाड़ आपकी मदद करने में पीछे नहीं रहेगा। एसोसिएशन के कमिटी-कुनबो का कहना है कि पैट्रन की भूमिका में लक्ष्यराजजी का हमारे परिवार में हार्दिक स्वागत है और उनके मार्गदर्शन से राजस्थान एसोसिएशन यूके की गतिविधियों को नया आयाम और नयी ऊर्जा मिलेगी।

# सी.बी.एस.ई. बोर्ड की सीटेट परीक्षा कल

**अजमेर,** (कासं)। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से 7 जुलाई को केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीटेट) का आयोजन किया जाएगा। परीक्षा दो पारी में सुबह साढ़े 9 से दोपहर 12 बजे तक तथा दोपहर 2 से सायं साढ़े 4 बजे तक होगी। परीक्षा के सफल और सुचारू संचालन के लिए बोर्ड तैयारियों को अंतिम रूप दे रहा है। सभी परीक्षा केंद्रों पर ऑब्जर्वर की नियुक्ति की जा रही है।

नकल के मामलों को रोकने के लिए केंद्रीय ऑब्जर्वर एवं अजमेर रीजन स्तर पर फ्लाइंग का गठन किया जा रहा है जो परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण करेंगी। शहर में करीब 5 हजार अभ्यर्थी यह परीक्षा देंगे। उल्लेखनीय है कि पहले पेपर की परीक्षा में कक्षा एक से पांचवीं यानी प्राथमिक स्तर के शिक्षक की पात्रता तथा दूसरे पेपर में छठीं से आठवीं कक्षा के शिक्षक की पात्रता को परखा जाता है। बोर्ड ने शुक्रवार को पंजीकृत अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र जारी कर दिए, जिसमें परीक्षा केंद्र एवं परीक्षा के समय आदि का विस्तृत विवरण होगा।

# आर्ट वर्कशॉप में महिला कलाकारों ने भावनाओं को कैनवास पर उकेरा

**जयपुर।** गर्मियों की छुट्टी, आम की क्यारियां और सुकून भरी नींद, कुछ ऐसी ही बचपन की यादें कैनवास पर रंगों से सजी दिखी। मौका था आईसीए रेजीडेंसी में आयोजित हुई लाइव पेंटिंग वर्कशॉप का, जिसमें दिल्ली, पुणे, लखनऊ और भोपाल से 6 महिला आर्टिस्ट्स ने गुलाबी नगरी में मानसून का लुफ्त उठाते हुए अपने भावनाओं को कैनवास पर उकेरा।

इस दौरान आईसीए रेजीडेंसी से अभिनव बंसल और क्यूरेटर हेम राणा ने बताया कि 10 दिवसीय वर्कशॉप में हमने भारत के अलग-अलग कोनों से आर्टिस्ट्स को आमंत्रित किया है। राजस्थान में पहली बार हो रही इस तरह की रेजीडेंसी वर्कशॉप्स में आमंत्रित हो रहे दुनियाभर से आए

■ **आईसीए रेजीडेंसी में दिल्ली, पुणे, लखनऊ और भोपाल से शामिल हुए आर्टिस्ट**

आर्टिस्ट्स को अपनी शैलियों का सजीव प्रदर्शन करने का मौका मिलता है। सभी आर्टिस्ट्स क्षेत्रीय और भारत की लुप्त होती जा रही शैलियों को पुन:जीवित करने हुए जयपुर के यंग आर्टिस्ट्स को भी कला की बारीकियां प्रदान करते हैं।

वर्कशॉप में भोपाल से आर्टिस्ट कुसुम लता ने प्रतीकात्मक और अमूर्त शैलियों के फ्यूज़न के साथ अपनी कलाकृति तैयार की। उनके द्वारा तैयार की गई दो पेंटिंग्स में उन्होंने मनुष्य, जीवन और श्रिष्टि के आपसी ताल-मेल और अनदेखे धागों को प्रदर्शित किया। जिसमें उन्होंने ऐक्रेलिक कलर्स के साथ इंक और पस्टेल के मेल से रिश्तों के ताने-बाने दर्शाये। वहीं लखनऊ से आर्टिस्ट तरन्नुम ने अपनी कलाकृतियों में सुकून की तलाश को सिंबॉलिक तौर पर दिखाया। जहां उन्होंने अपनी एक कला को कच्ची मिट्टी के रंगों से तराशा वहीं दूसरी


लाइव पेंटिंग वर्कशॉप में कलाकारों ने रंग भरे।

कलाकृति को पकी हुई मिटटी का रंग दिया। कैनवास पर फ्लैट कलर्स के स्ट्रोक्स के साथ उन्होंने ब्रश से बारीक़ काम में आध्यात्मिक, सांसारिक और विचारत्मक भाव दिखाए। पुणे से आर्टिस्ट स्मृति जोशी ने मिक्स मीडिया के जरिए एआई और मनुष्य के बीच की कश्मकश को प्रस्तुत किया, जहां उन्होंने टेक्नोलॉजी, रोबोट्स, ह्यूमन ब्रेन और साइंस पर कटाक्ष करते हुए अब्स्ट्रक्ट आर्ट फॉर्म प्रदर्शित किया। 30 साल से कला की अनुभवी दिल्ली की आर्टिस्ट चांदना भटाचार्य ने बताया कि पिता आर्मी में थे और उनकी कला और साहित्य की रूचि ने मुझे कलाकार बनने के लिए प्रेरित किया।

# अन्तर्राष्ट्रीय रंग-मल्हार उत्सव 7 को

**भीलवाड़ा,** (निसं)। प्रदेश भर के सीनियर एवं युवा कलाकार सालभर में एक दिन के लिये "रंग मल्हार" उत्सव सेलिब्रेट करते है। इसके जरिये कलाकार एक अलग माध्यम से चित्रांकन कर इन्द्र देव से प्रदेश में सुखद बारिश एवं शांति की कामना करते है।

जानकारी देते हुये संस्थान के सचिव कैलाश पालिया ने बताया कि वरिष्ठ चित्रकार विद्या सागर उपाध्याय की परिकल्पना पर आधारित रंग मल्हार में 7 जुलाई 2024 को केनवास की जगह "एप्रोन" पर चित्रांकन करेगें। इस आयोजन को पूरे विश्व में समर्थन मिला है। सबसे पहले यह आयोजन 14 वर्ष पूर्व भीलवाड़ा, जयपुरआदि जिलों से शुरूआत की थी, उसके बाद पूरे राजस्थान, भारत सहित अब पूरे 20 देशों में आयोजित हो रहा है।

कैलाश पालिया के अनुसार जिला प्रशासन भीलवाड़ा, एल.एन.जे. समूह के सहयोग से 7 जुलाई को प्रात: 9 बजे से 1 बजे के बीच ग्रामीण हाट में चित्तौड़गढ़, अजमेर, उदयपुर, शाहपुरा, भीलवाड़ा, राजसमन्द के 100 से अधिक बाल, युवा एवं वरिष्ठ चित्रकार "एप्रोन" पर अपनी-अपनी शैली में चित्रांकन करेगें। माना जाता है कि राजस्थान एक ऐसा प्रदेश है, जहां अल्पवृष्टि होती है, मेघ मल्हार राग से बारिश होती है। इसी तरह चित्रकारों का रंग-मल्हार उत्सव से भी अच्छी वर्षा होगी।

# शहीद मेजर मुस्तफा के परिजनों को राष्ट्रपति ने "शौर्य चक्र" से सम्मानित किया

## परिजनों का रविवार को उदयपुर पहुंचने पर अभिनन्दन-स्वागत होगा

**उदयपुर,** (कासं)। खेरोदा (उदयपुर) के लाल, अमर शहीद मेजर मुस्तफा बोहरा द्वारा अपना कर्तव्य पालन करते हुए देश के लिए सर्वोच्च बलिदान दिए जाने के उपरांत शुक्रवार को भारत की सर्वोच्च सेनाध्यक्ष राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में एक समारोह में शहीद मेजर मुस्तफा की माता फातेमा बोहरा और पिता जकीउद्दीन बोहरा को शांतिकाल में अप्रतिम वीरता के लिए सर्वोच्च सम्मान शौर्य चक्र से सम्मानित किया। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भी उपस्थित थे।

शहीद मेजर मुस्तफा ट्रस्ट के उपसचिव वीरेंद्र सिंह सोलंकी ने बताया कि अमर शहीद मेजर मुस्तफा बोहरा के परिजन शौर्य चक्र सम्मान प्राप्त करने के बाद 7 मई को एयर इंडिया की उडान द्वारा नई दिल्ली से रवाना होकर डबोक एयरपोर्ट, उदयपुर पहुंचेंगे, जहां वल्लभनगर


दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शहीद मेजर मुस्तफा के परिजनों को शौर्य चक्र से सम्मानित किया।

विधायक उदयलाल डांगी, समस्त प्रमुख राजनेतिक दलों के पदाधिकारियों, बोहरा समाज सहित अनेक सामाजिक, धार्मिक संस्थाओं द्वारा शहीद मेजर मुस्तफा के परिजनों का भव्य स्वागत किया जाएगा।